जीवनी–विवरण
‘‘आराध्य प्रवीण’’

आराध्य प्रवीण
बाल तबला वादक

बनारस घराने के ‘‘ताल वाद्य’’ शिरोमणि एवं विद्वान तबला गुरु स्व. पंडित कण्ठे महाराज जी परम्परा के सुयोग्य शिष्य एवं स्वनामधन्य, तबला पारंगत और वरिष्ठ गुरु स्व. पंडित बद्री महाराज जी के सुपुत्र एवं शिष्य चतुर्मुखी ख्यातिलब्ध तबला वादक पंडित रविनाथ मिश्र जी के सुयोग्य नाती आराध्य प्रवीण एक कुशल बाल तबला वादक के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं।

दादाद्वय–विख्यात गायक स्व. पंडित रामकृपाल मिश्र जी एवं पंडित रामप्रकाश मिश्र जी के पौत्र एवं सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना व कथक गुरू डॉ. मनीषा मिश्रा एवं चर्चित शास्त्रीय गायक श्री प्रवीण कश्यप जी के सुपुत्र आराध्य प्रवीण ने मात्र 3 वर्ष की बाल आयु से ही संगीत विधा के प्रति अपनी रूचि के अनुसार तबला की विधिवत् शिक्षा–दीक्षा अपने श्रेद्धय नाना एवं गुरू पंडित रविनाथ मिश्र जी के सानिध्य में विगत 10 वर्षों से ग्रहण कर रहे हैं और साथ ही अपनी प्रारम्भिक विद्यालीयन शिक्षा में भी होनहार छात्र हैं। पढ़ाई के साथ–साथ आप प्रतिदिन 5–6 घण्टे नियमित तबले का अभ्यास करते हुए सन् 2022 में भातखण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से तबला विशारद में प्रथम श्रेणी एवं विशेष योग्यता के साथ उतीर्ण किया है।

भारत के अन्य प्रतिष्ठित सांगीतिक समारोहों एवं विशिष्ठ मंचों पर अपनी कुशल उपस्थिति दर्ज कराते हुए, ‘‘तबला–चिल्ला फेस्टिवल, नाशिक, महाराष्ट्र – 2023’’, ‘‘सुतानुति फेस्टिवल, कोलकता – 2023’’, ‘‘मृदंगाचार्य पंडित नाना साहेब पानसे संगीत समारोह बकायन, दमोह, म.प्र., 2023’’, ‘‘पद्म विभूषण पंडित किशन महाराज स्मृति संगीत समारोह, काशी – 2023’’, ‘‘माँ कुषमाण्डा दुर्गा संगीत समारोह, वाराणसी – 2022’’, ‘‘पंडित शांताराम चिंगरी संगीतोत्सव, लातुर, महाराष्ट्र – 2019’’, ‘‘पंडित ब्रदी महाराज संगीत समारोह, लखनऊ – 2020 व 2021’’, ‘‘पंडित अनोखेलाल मिश्र संगीत संध्या समारोह, लखनऊ – 2023’’, ‘‘पंडित अर्जुन मिश्रा जयंती समारोह, लखनऊ – 2020, 2021 एवं 2022’’, ‘‘पंडित रघुनाथ तलेगाँवकर गुरूपर्णिमा उत्सव, आगरा – 2023’’, ‘‘स्वरायन म्यूजिक फेस्टिवल, एन.सी.जेड.सी.सी, प्रयागराज – 2023’’, ‘‘दिल्ली कथक महोत्सव – 2022’’, ‘‘क्षितिज संध्या, लखनऊ – 2023’’, ‘‘महेन्द्रा सनदकदा म्यूजिक फेस्टिवल, लखनऊ – 2023’’, ‘‘लोक सेवा आश्रम, हरिहर क्षेत्र द्वारा संगीत सम्मेलन, सोनपुर, बिहार – 2019 एवं 2021’’, ‘‘सुबह–ए–बनारस, काशी – 2022’’, ‘‘आदिसहित’’ कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत श्रीलंका के विभिन्न प्रतिष्ठित सांगीतिक समारोहों जैसे ‘‘यूनिवर्सिटी ऑफ विजुअल एवं प्रफॉर्मिंग आर्ट्स’’, ‘‘डिपार्टमेंट ऑफ इंडियन एवं एशियन आर्टस्’’, ‘‘फैकल्टि ऑफ डांस एण्ड ड्रामा’’, ‘‘गायिकी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूजिक’’, ‘‘रजथा सारा क्लासिकल म्यूलिज, रूपवाहिनी कारपॉरेशन’’ आदि में प्रस्तुतियाँ देते हुए अपनी सांगीतिक यात्रा सम्पूर्ण करी। अपनी तबला प्रस्तुतियों एवं शिक्षा के साथ–साथ उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजिक प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता 2020–2021 के बाल वर्ग तबला वादन में प्रथम स्थान एवं ‘‘संगीत मिलन – क्लासिकल वॉयस ऑफ इंडिया – 2022’’ में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बाल वर्ग से किशोर वर्ग की ओर बढ़ते हुए, आराध्य प्रवीण के तबला वादन में बोलों की सुस्पष्टता, दाएं–बाएं का संतुलन, लय–ताल की समझ, विशेष तैयारी, जोरदार बोल पढंत, मंच प्रस्तुतिकरण के साथ तबला संगति की सूझ–बूझ सहित आकर्षण बाल छवि आदि विशेष गुण सम्मिलित हैं। ईश एवं गुरुकृपा के फलस्वरूप होनहार आराध्य प्रवीण नित–प्रतिदिन अपने वादन में निखार ला रहे हैं। नाना पंडित रविनाथ मिश्र एवं नाती आराध्य प्रवीण, ''नाना–नाती'' की अनोखी जोड़ी के रूप में सुविख्यात हैं।

इनके उज्जवल भविष्य की कामना सहित।

धन्यवाद्!

आराध्य प्रवीण
पुत्र श्री प्रवीण कश्यप एवं डॉ. मनीषा मिश्रा

पता 2 –
''संगीतम्'' 2/224, विश्वास खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ – 226010 उ.प्र.–भारत

पता 1 –
66/04, सेक्टर डी, अकिलापुर, सचिवालय कॉलोनी के पास,
जानकीपुरम्, लखनऊ – 226021 उ.प्र.–भारत

मोबाइल – 9161626241, 9839377207, 9838427017, 8858336701

ईमेल – manisha.kathak08@gmail.com